॥ अथरंकावंका चरितं ॥ दोहा अबमंजुलमन हरनकल ॥ कथा स्रवणसुखदान ज्ञानप्रकासन करहुंकछु ॥ कथनदलिन अभिमान १ चौपाई पुंडरीकपुरविदत सुहावा ॥ रंकानामसूद्रइकगावा ॥ वंकातासपतनि मनभाई ॥ अग्रगन्य पति देवतगाई १ तिनकरपू वंपुण्यउदताना ॥ उपजीहृदय भक्तिभगवाना ॥ जथालाभ संतुष्ट विचारी॥ काननजाय जुगलव्रतधारी २ इंधनसुषकलेतपुरआई॥ विक्रहकरत भक्तिसरसाई ॥ ताकरमिलाहिं अन्नकछुजोई ॥ पावत करिविभगत जनसोई ३ असप्रकारव्रतधारण कीना॥ विट्ठलदेवर टनमनलीना ॥ सेवतअतिथि संतगतसंका॥ रंकाअनुगामनि कल वंका ४ असतिनकरव्रत रुचिरसुहावा ॥ नामदेवकरमानस भावा ॥ नंमृत जोरिकरन अनुरागे ॥ विनयकीन असभगवनआगे ५ रंकावंकाजन निजकाहीं ॥ देहुविपुलधन त्रिभुवन साईं ॥ तवस्व पने प्रभु भक्त उवारे नामदेवकहंसुफुटउचारे६जबइहप्रातजाहिं वन काहीं ॥ मिलिहैं तहां द्रव्य इनकाहीं ॥ तुम काहू वैष्णव सनजाइं ॥ इत कहं करहु विलोकन भाई ७ दोहा नाम देव भगवान अस ॥ सुनिन देस सुखदाय ॥ तिन तें पूरव जाय वन ॥ रह्योसि द्रुमन दुराय १ चौपाई मिल्यो एक वैष्णव वन काहू ॥ नामदेव सन भाषिस ताहू ॥ देखहु तुमहुं भक्त भगवाना ॥ रंक बंक इह जुगल सुजाना १ मै इन कहं वित देबन लागी॥ आवा इहां सदन निज त्यागी ॥ सनमुख देन उचित पै नाहीं

॥ अस बिचारि निज मानस माहीं २ हमतुम रैहुं लुपत इत ठाहीं ॥ इनहित राखि द्रव्यमग माहीं ॥ इह निज कराहिं कव न चतुराई ॥ दंपति उभय बिपन इत आई ३ अस कहि रा खि द्रव्यमग सोई॥ वैठै मौन लुपत गति होई ॥ तब पूरव रंका वन आवा ॥ मारग देखि द्रव्य बिसमावा ४ तृणसमान लखि आगल धावा ॥ करि विचार पुनिपाछिल आवा ॥ लाग्यो क रन अछादन धूली ॥ तब वंका मानसमुद फूली ५ आई पति हिं देखि अनुरागी ॥ काह करहु इहपूछन लागी ॥ तब रंका अस वदन उचारा ॥ इहां विपुन वित पस्यो अपारा ६ इहि कहं देखि विपुल दुखदाई ॥ उपजत हृदय लोभ अधिकाई ॥ अस विचारि मानस निज नेहा ॥ करहुं अछादन मेदनि एहा ७ तब वंका अस वदन वखाना ॥ इहिते अरथ सिद्ध पति प्रा नो ॥ होहिं कवन संसार सुहावा॥ सुनि रंका अस प्रकट अला वा ॥८शोक मोह मुदकोह महाना ॥ इहि विततें उपजत फल नाना ॥ पिता पुत्र पतनी पति जोई ॥ भ्राता भ्रात परसपर दोई ९ इह सब कहं संस्रति दुखदाई ॥ काटि काटि मरहिं क लह सरसाई ॥ भामनि सत्य नहिन संदेहू ॥ विदत भक्ति मग कंटक एहू १० वंका सुनत वेग अकुलानी ॥ पति कर गहित पान निज पानी ॥ चली सिंघ जिमि त्रासमनाइन ॥ करनिवि थत वनहीहिं पलायन ११ दोहा तब वैष्णव जुत देखि अस ॥

नामदेव विसमाय ॥ वदन प्रसंसत विविध विधी ॥ विपन अग्र पथआय १ सुशकभार इंदन विराचे ॥ धरिस पंथ लुपतेहू ॥ विनुस्रम कबहुं किलीनइन ॥ विपुल महातम एहू २ ॥ चौपाई जब रंका वंका अवसेषा ॥ पस्यो भार इंधन मगलेखा ॥ काहु जतन जुत संचित कीना ॥ परिस्रम हृदय गुनत नहि लीना १ आपन लेत चले पुरधाई ॥ सुमरत हृदय जुगल जदुराई ॥ वैष्णव नामदेव तवनोके॥ करि करि विपुल सोच निज जो कें २ वित वर वसतु वसन गृहमाहीं ॥ सादिर आयदेन तिन काहीं ॥ वंका देखि क्रोध भरिनयना ॥ बोली वदन कठिन अस वयना ३ लेहु उठाय वसन वितकाहीं॥ इह कत धरयो सद न मोहि माहीं ॥ नतर अबहिं दुरवाद उचारी ॥करहुं आन कछु दसा तुमारी ४ लगेसो करन नम्र मनुहारा ॥ तब वंका निज पतिहिं उचारा ॥ दीना इनहुं नाथ दुखआई ॥ हमहुं चलव अब सदन विहाई ५ अस कहि पतिहि लेत रिसपागी ॥ आई सदन बहिर वडभागी ॥ नामदेव जुत जतन अपारा॥ राखे कर अनेक मनुहारा ६ तिन कर देखि विवध हठकीना ॥ रंका एक अलपपट लीना ॥ आन वसन पटदीनसि फेरी ॥ नामदेव अस अदभुतहेरी ७ तिनकरभाक्ति अलौकिक रागा ॥ वारवार मुख वरणन लागा ॥ ललित रूप वर वैष्णव धारी ॥ कृपासिंधु प्रभुभक्त उवारी ८ देखिभक्त निज भक्ति सुहंता ॥ भएप्रसंन वदन भग

वंता ॥ मोर भक्त कर लक्षणएहू ॥ कहत वदन असदीन सनेहू ॥ ९ ॥ अस प्रकार इह चरित सुहावा ॥रंक वंक दंपति मन भावा ॥ जो लो रहे जियत संसारा ॥ रहे भक्त वर विगत विकारा ॥ १० ॥ सोरठा अंत तजत निजकाय ॥ सुमरत विठ्ठल दैव प्रभु ॥ लीर्ह परमपद पाय ॥ भक्ति प्रसाद अजास विनु ॥ १ ॥ इति श्रीभक्तविनोदग्रंथे भगवद् भक्ति माहात्म्ये रंका वंका चरितं वर्णनं नाम सर्गः ॥ ४० ॥

अथ लक्ष्मण चरितं दोहा लखमनदास प्रसिद्ध इक ॥ निपुण भक्त भगवान ॥ जाहि देख्यो निज भक्ति वल ॥ जग कर वदर समान ॥ १ ॥ इति सर्गः । ४१ ॥

अथ लड्डू भक्त चरितम् । दोहा लड्डू भक्त विचित्र इक । भक्त सिरोमणि गाय तिन कर अति पावन कथा ॥ सुनहुं श्रवण सूखदाय ॥ १ ॥ चौपाई भ्रमत भ्रमत तीरथ थलचारू ॥ आवा एक नगर मनहारू ॥ ते पुरकर नृपजे अविलंवा॥इष्ट देव ता कर जग दंवा ॥ १ ॥ तहां नदेस पायनरराई ॥ प्रतिदिन दोहिं मनुज बालि आई ॥ जहि गृह आय भक्त व्रतधारी ॥ तहि दिन रही तास बलिबारी ॥ २ ॥ ते सठ साधु सरल चित जानी ॥ पकरत भक्त स्त्रष्ट कर पानी ॥ गयो लेत सनमुख नरराई ॥ भाषिस महाराज बलि आई ॥३ ॥ तव नरेस मानस अभिलाषा ॥ बलिकहं देखि वदन अस भाषा॥ वेग जाय अब करहु तयारी ॥ चले सो लेत तुरत अधिकारी ॥ ४॥ दोसनान पावनतन कीना ॥ बाधक बहुरि खडक कर लीना ॥ सन्मुखभवन हरषि मननाहीं ॥ लागे वधन भक्त हरि काहीं ॥ ५ ॥ कृष्ण दासतव हृदय विचारयो ॥ जो इक मोर वधकतें सारयो॥ आनजीब कर होहिं भलाई ॥ तो अब वधन विलम कत लाई ॥ ६ ॥ अस कहि भक्त मोन अनुरागा ॥ कृष्ण सुमरण करन उर लागा॥ तब भगवति मूरति मध्याह्ना ॥ उपाजि एक कल मूरति आना ॥ ७ ॥ गहित तुरंत वधक असि पानी ॥ अरुननयन दारुणरिसवानी ॥ बोलि वदन धरि खडग प्रहारयो ॥ काटत बधक सीस महि डारयो ॥ ८ ॥ भूप समेत लोक समुदाई ॥ विकल

आस बस चले पलाई ॥ भक्त सृष्ट मानस थिर होई ॥ सनमुख देखि युक्त कर दोई ॥ ९ ॥ वदन वर्नीत मधुर मृदुवागा ॥ लग्यों करन असतुति अनुरागा ॥ तव प्रसन्न मन मातु भवानी ॥ बोली जनन सुखद मृदुवानी ॥ १० ॥ दोहा मांग मांग अब भक्तवर ॥ नहि अदेव कछु तोही ॥ तव बोल्यो मोदक भगत ॥ तुव प्रसाद सब मोही ॥ १ ॥ पै इक करहु विनंति अब ॥ कृपा नकेतनि मातु ॥ इह नर बलि ताजि लेहु नित ॥ पायसादि सुखदातु ॥ २ ॥ एव मस्तु अस मातु कहि ॥ पुनि भाषित कछु आन ॥ मांगहु वर मोहि भक्त तुव ॥ अति प्रसन्न जीयजानं ॥ ३ ॥ जे प्रसन्न अस जननि तुव ॥ तौ वर दूसर एहू ॥ उपजहि अवरिल भक्ति जुत ॥ कृष्ण चरन मोहिनेहू ॥ ४ ॥ सत्यसत्य अस वदन कहि ॥ भगवति भक्त उवारि ॥ होत अंत्र गत सुखद जन ॥ निजवर भवन सधारि ॥ ५ ॥ चौपाई भक्त सृष्ट तहं विचरन लागे ॥ कृष्ण चंद्र चरणन अनुरागे तव सुर असुर सकल जग सेवी ॥ नृप कहं दीन स्वपन असदेवी ॥ १ ॥ अब तें तजहु मनुज बलिराई ॥ पायसादि मोहि देहु सुहाई ॥ देखि स्वपन अस भूप प्रवीना ॥ भोरहिं गवन भक्त पें कीना २ जुग कर जोरि चरन सिरनाए । सेवक बन्यो भक्ति सरसाए ॥ तबतें जानि मनुज वध हानी ॥ पाय सादि बलि देहि भवानी ३ दोहा देखहुं भक्ति प्रभावतें ॥

निपुण भक्त जदु राइ ॥ करि प्रसन्न जग जननि कहं ॥ नर वध दीन छुडाइ १ इति श्री भक्त विनोद ग्रंथे भगवद्भक्ति माहात्म्ये लडू चरित वर्णनं नाम सर्गः ४२ ॥

अथ संत राम चरितम् दोहा संत राम इक विदत जग॥ भक्त निपुणभगवान ॥ जाहि सेवत संतन दिवस ॥ रजनि रुचिर हितमान १ ॥ चौपाई भिक्षाटन करि धरम सुहावा ॥ करहि तोष संतन मन भावा ॥ जांके अस रुचि रुचिर सनेहा ॥ जाहिं संत जनि क्षुध्यत गेहा १ समय एक ग्रां मंत्र सुभागी ॥ कीन गवन भिक्षाटन लागी ॥ पाछल क्षुध्यत विथत सरीरा ॥ आवा सदन संत मति धीरा २ ताहि भामनि कहं पूछन लागा ॥ गवन्यो कहां भक्त बड भागा ॥ ते सुनि परम कोप वस होई ॥ निष्ठुर वचन कहत जनु रोई ३ गयो चुल्ह अस भक्त तुमारा ॥ अस प्रकार जब भाम उचारा ॥ चित उद विगन वचन अस तासा ॥ चल्यो सुनत फिरि संत निरासा ४ आवत मिल्यो तास त्रीयनाहां ॥ क्षुध्यत देखि संत मग माहां ॥ करि प्रणाम अस विनय उचारा ॥ चलहु सदन करुणाय अगारा ५ सु संतत करहुं संत सुखदाई ॥ जथा वनाहिं पूजन सिवकाई ॥ सुनत संत अस वदन बखाना अब तुव सदन उचित नहि जाना

६ त्रीय तुमार अस बदन अलाई ॥ चुल्ह मरम सब दीन सुनाई ॥ कारनि कलह करकसा भारी । संतराम तव गिरा उचारी ७ ताकर कथन सत्य सब साधू । तुमहिं भयो कछु हृदय प्रमादू । निसचय चुल्ह सिद्धि करकारण ॥ मै इह कीन विपुल श्रम धारण८तांते चलहुं संतममगेहा ॥ परिहरिहृदयसकलसंदेहा ॥ असप्रकारमुखवचनअलाना ॥ लावाभक्तसदनसनमाना ९ यथा उचित जुत प्रीति सुहावा ॥ खान पान सब दीन करावा त्रीय जुत करि प्रणाम हरषाए॥ बहुरि संतवर कीन विदाए१०दोहा तबते संत प्रसाद सुभ ॥ संतराम सुचिधाम ॥ भयो नखय अन्नादि कछु ॥ धनि समान अभिराम ९ इति श्रीभक्तविनोद ग्रंथे भगवद् भक्ति माहात्म्ये संतराम चरित कथनं नाम सर्गः ४३ ॥

अथत्रिलोक चरितम् ॥ दोहा रामचरणरति रैनसुभ ॥ संसयतिमिरविनासि ॥ करहुंमहातमकथनअव ॥ निजमतिजथाप्रकासि १ चोपाई स्वर्ण कार इक विदत महाना ॥ नाम त्रिलोक भक्त भगवाना ॥ घटतअलंकाराहिसुहाए ॥ जथालेतबेतनकछुपाए १ करतसंतसज्जनसिवकाई ॥ भोजनादिअसदेताजिवाई ॥ संतसरोजचरणानितनेहू ॥ विषयविरक्तभक्तवरतेहू २ समयएकतहिपूरकरराऊ ॥ भयोरचतनिजसुताविवाहू ॥ घटनआभरनहेतुसुहावा ॥ स्वरणकारतिरलोकबुलावा ३ हेमरतनसुभ्रतकलनाना ॥ देततासुनृपवदनवखाना ॥ सीध्रघटहुभूषणासुभभाई ॥ लेतसदननिजचल्योस

धाई ४ धरिमंजूखललितउतसाहा ॥ आपुसंतसेवनरतराहा॥ घटनआभरनहृदयभुलाना ॥ जुगलदिवसजबसेषरहाना ५ तबनरेस तहि बोलिपठावा ॥ जानिअकाजत्रासवसआवा ॥ देहु आभरन भूप उचारा ॥ तब त्रिलोक करि हृदय विचारा ६ भाषिस रहत सेष कछु राई ॥ तृतीए जामदेहुं सबलाई ॥ अस कहि सदन भीतवस आयो ॥ गुनत सेष जुग दिवस रहायो ॥ ७ अब कसबनाहिं आभरननीके ॥ करि करि सोचभक्त निजजीके ॥ परि हरि सदन विपुन थलजाई ॥ रह्यो उरपि निज वपुष दुराई ॥ ८ ॥ सुमरत हृदय भक्तभयहारे॥ कृपा नकेत जनन रखवारे ॥ शोक विमोचन सोच वसेषी ॥ दैव त्रिलोक भक्त निज देखी ॥ ९ ॥ स्वर्न कार तहि रूपधराए ॥ नृपकहं देन आभरन आए ॥ मणि गण जटित विभूषण नाना ॥ राखे अग्र भूप सनमाना ॥ १० दोहा अलंकार दृग देखि नृप ॥ अदभुत नवल प्रकारू ॥ जटन घटन लाग्यो करन ॥ कथन वदन मनहारू ॥ १ ॥ चौपाई वार वार अस भूप सिहाई ॥ पारि तोष कललीन मंगाई ॥ देत त्रिलोक रूप कर ताहां ॥ कीन विदाय मुदित नरनाहां ॥ १ ॥ छितपत दीन द्रव्य कल जोई ॥ आए लेत भक्त गृह सोई ॥ साधू अतिथि दीन जनजानी ॥ कीनविभगत भक्त हितमानी ॥ २ ॥ बोलि संत सज्जन जन जाती ॥ व्यंजन विरंचि पाक वहु भाती ॥ सादिर सवकहं दीन जिवाए

उतसव रह्यो भक्त गृहछाए ॥ ३ तब जान्यो जीयभक्त उधारी ॥ क्षुध्यत विपन भक्तममभारी ॥ जास हेत सब कौतुक कीना ॥ अस कहि चले हरन दुखदीना ॥ ४ ॥ साधु रूप धृत कानन आए ॥ तासु वदन अस वचन अलाए ॥ तुवकस इहां लुपत जनराहा ॥ सदन तुमार रुचिर उतसाहा ५ जेवत साधु संत स मुदाई ॥ मोदप्रमोद कहिन कछु जाई ॥ मेहुं लीन भोजन कछु एहा ॥ होत विभगत रुचिर तुवगेहा ६ तुम क्षुध्यत मोहि जानि पराए ॥ ताते लेहु भक्तकछु पाए ॥ बहुरि जायनिज सदन सुहावन ॥ देखि लेहु उतसव मनभावन ७ अस सुनि लेतपाक हरषाई ॥ पावा कृष्ण चरण सिरनाई ॥ डरपत बहुरि सदन निज आवा ॥ देखि ललित उतसव विसमावा ८ पूछिस निज भामनि सनएहा ॥ भयो कवन कल मंगल गेहा ॥ त्रीए सुनत मानस विसमानी ॥ बोली वदन आत्र वतवानी ९ कामति अतपघाम वौरान्यो ॥ जोपति हृदयभ्रांति अस ठान्यो ॥ नृपतें पारि तोष तुव लावा ॥ आपु वैठे सबपाक रचावा १० अतथि संत दिज जानि जिवायो ॥ दैवित वसन सुजस सुभपायो । तब त्रिलोक मानस निज जाना । इह सब कृपा कीन भगवाना ११ दोहा तबतें दिन दिन अधिक नित ॥ कृष्ण कमल पदनेहू ॥ लग्यो करण दृढ भक्ति जुत ॥ परि हरि हृदय संदेहू १ देखहु दीनन दयाल प्रभु ॥ कान करहिं संसार ॥ भक्त हेत लीन्यों रुचिर ॥ स्व

रणकार वपु धार ॥ २ ॥ इति भक्त विनोद ग्रंथे भगवद् भक्ति माहात्म्ये त्रिलोक चरितं नाम सर्गः । ४९ ।

॥ अथ वक्ष्यमाणभक्त चरितम् ॥ दोहा ॥ अस प्रकार संस्रति विदत ॥ आन भक्त भगवान ॥ नाम मात्र तिन कर कथन ॥ क रहुं स्रवण सुखदान १ रोडाछंद सोमदास अरुदास भीम देवानं द नामा ॥ भक्तात्रिविक्रम दास रूप दामोदर रामा ॥ नर हरि भ क्त मुकुंद दास रघुनाथ सुजाना ॥ नंददास अरुनंद छेत्र उद्धव गु णखाना १ दासमुकुंद गुपालदास श्रीरंगसुहाए ॥ वृद्धव्यास हरि दासदुदभोलाजगन्नाए ॥ जगनविठ्ठलाचारिबाल्मी की अभिरा मा ॥ भक्त द्वारका दास दास माधव गुण धामा २ लाक्षा भक्त गणेश नर हरी मंडिन चारू ॥ भक्त कपूरी विष्णुदास श्रौतम ब्रत धारू ॥ संतराम लोहांग दास भगवान सुहावन केशो केशव भद्रनाथ गजपति जग पावन ३ भीमा क्षेमा

ब्रह्मचारि जड भरत उदारू ॥ बाल कृष्ण गोविंद कृष्ण चेतन प्रभु चारू ॥ बाल कंध्र गोपाल भक्त भगवान प्रवीना ॥ क्षेमा भक्त प्रयाग भागवत संस्रति चीना ४ दोहा गोपिनाथ पाचिक विदत निपुण भक्त जदु राय ॥ दास मुकुंदा जास जग ॥ र ह्यो सुजस सुभ छाय १ इति भक्तविनोद ग्रंथे भगवद् भक्ति माहात्म्ये पूर्वोक्त भक्त चरितं नाम सर्गः ॥ ४५ ॥ ॥ अथ भक्त चरितं ॥ दोहा ॥ रुद्र प्रताप प्रसिद्ध इक ॥ नीलाच ल कर राय ॥ तांकर कृष्ण चिंतन प्रभु ॥ गुरु वर संस्रति गा य १ चोपाई एक दिवस नर नाथ सुजाना ॥ गुरुपें गवन हरष जिय माना ॥ हैगैवाहन सकल समाजा ॥ आयो लेत ललित निज राजा १ गुरु विलोकि अस हगन रिसाए ॥ स फुट वदन निज वचन अलाए ॥ होहुं नमोहि सनमुख हत भा गी ॥ अबतें दीन दरस तुव त्यागी २ यद्यापि काहिस नृप ति जन भूला ॥ तद्यापि गुरुन भए अनु कूला ॥ तब नरेस दारुण दुख माना ॥ कीन वेग निज भवन पयाना ३ करि चिं तन निज हृदय प्रवीना ॥ सुत कहं चारु राज्यपद दीना ॥ वें ष्णव भक्त रूप निज धारे ॥ आवा जगननाथ मन मारे ४ रथ यात्रा कर दिवस सुहावन ॥ प्रभु रथ अग्ररुचिर मन भाव न ॥ लाग्यो करण नृत्य नरराए ॥ गुरु कृपाल तहं देखिस आए ५ अति प्रसंन मानस सुख पाई ॥ तुरत लीन निज

हृदय जुडाई ॥ बोले हरषि वदन मृदु वानी ॥ अब नृप भयो तोर मदहानी ६ मन वच करम आज सिष मोरा ॥ मिट्यो संदेह सकल अव तोरा ॥ मे वर दोन हरषि मन माहीं ॥ अवरिल भक्ति होहिं तुव काहीं ७ सुनत भूप मानस अनुरागा ॥ वार बार पग बंदन लागा ॥ जीवन मुक्त जानि निज काहीं ॥ विचरन लग्यो धरणि तल माहीं ८ दोहा अस प्रकार संस्रति भए ॥ आन भक्त भगवान ॥ नाम मात्र तिन करकथन ॥ करहुं वदन सनमान १ रोडाछंद इक पूरण इक वल्लदास इक दास विहारी ॥ चतुर दास इक दास लाल गोविंद व्रत धारी॥गंगाराम सुभक्तदास प्रीय तिलक सुजाना जाहि प्रीय रसक विचित्र ग्रंथ संस्रति प्रकटाना १ दोहा केशव दास इत्यादिइह ॥ भए भक्त अभिराम ॥ जाकर भक्ति प्रभावतें ॥ चल्यो जात जगनाम १ इति भक्तविनोदग्रंथे पूर्वोक्त भक्त कथनं नाम सर्गः ४६

अथ गोविंद चरित वर्णनम् ॥ दोहा ॥ जास सुनत दुख दोष सब ॥ नासहिं सकल विकार ॥ सो अस भक्ति विचेष्ट कछु ॥ करहुं कथन सुखसार १ चौपाई श्रीमथुरा हरि भवन पुजारी ॥ तास पुत्र सुभ भक्त मुरारी ॥ जननि जनक मानस अभिलाषा ॥ गोविंद रुचिर नाम तहि राखा १ सिसु पनतें नित पितु सनजाई ॥ देखहिं देव भवन सिवकाई ॥ हरि मूरति मृदु मंजु सुहाई ॥ बालन सम ताहि मानस भाई २ आन बाल सम तहि सन क्रीडा ॥ चाहत करन बाल गत ब्रीडा ॥ सो किमि करहि भक्त सुखदाई ॥ पै बालक नित रहत लुभाई ॥ ३ ॥ निज मन तें अनुराग बढाए ॥ सदा रहत हरि भवन सुहाए ॥ जानि बाल मूरति भगवाना ॥ तास विलास करन रुचि माना ४ अस प्रकार हरि मूरति संगा ॥ खेलत रहत वाल मृदु अंगा ॥ ग ए कछुक जब दिवस बिहाई ॥ ते मूरति बालक सुखदाई ५ लगी करन क्रीडा मन हरनी ॥ बालक संग मोद मन भरनी ॥ देखहिं एक बाल कलताहू ॥ दृष्टि नपरहिं आन दृगकाहू ६ एक दिवस बालक हरषाई ॥ ठाडचो निकट भवन हरि जाई ॥ बाल केलि रुचि मानि सुभागा ॥ प्रभु कहं बहिर बुलावन लागा • भक्त वतस भगवान कृपाला ॥ आए अल प प धरि बाला ॥ दंड खंड कर धरो रसाला ॥ लगे करन

क्रीडा कलबाला ८ पण आरूढ परसपर राखी ॥ भये कालि
रत घट घट साखी ॥ हरि गुविंद कहैं गोबिंद वाला ॥ जीति
गयो सिसु केलि रसाला ९ अजय अजय जाहि विदत वखाना
॥ कवि को विद बुध वेद पुराना ॥ बाल भक्त निज भक्ति प्रभा
ऊ ॥ सो जीते चर अचरनराऊ १० कस्सपु हरण लंक पत
कंसा ॥ खर दूखण तृसरादि विध्वंसा ॥ आन प्रचारि समर
बलवाना ॥ जीते अजित जास भगवाना ११ सो अस दैन
प्रबल रिपु भीते ॥ विन भक्तन काहुन जग जीते ॥ दंड खंड
तव लैत पराए ॥ कुंज विहारि भवन निज आए १२ पाछिल
बाल गहन प्रभु लागी ॥ धावत आव धीर जनु त्यागी ॥ तै
ब पूजक जन लीन निबारा ॥ टाड भयो बालक मट द्वारा १३
दोहा करि रोदन ससकत वदन ॥ लाग्यो गालि प्रदान ॥ क
बहु तु निकसोगे बहिर ॥ तव देखहुं तुवत्राण १ चौपाई मैहै
न खनत रोख वस होई ॥ गयो नसदन बाल वर सोई ॥ त
व जननी हठ करत अपारा ॥ गई लैत निज रुचिर अगारा १
करि सुमरण बालक रिस सोई ॥ करत न पाक वितथ चित
होई ॥ यद्यपि जननि विविध समुझाना ॥ तदपि नकीन पाक
जलपाना २ तव भगवन निज पूजक काहीं ॥ कीन प्रबोध
स्वपन निसिमाहीं ॥ इह गोविंद बाल वर तोरा ॥ सखा सुहृद
सज्जन हितु मोरा ३ मोर द्वेष निज मानस माना ॥ तबहुं न

कीन अन्न जल पाना ॥ तहि कलेस कर मैहुं नपावा ॥ इहां भवन नइ वेद सुहावा ४ अवतें तुम हुं भक्त हरषाई ॥ मोर न देस रुचिर हित पाई ॥ प्रथम पाक इहि सिसुहिं कराना ॥ मुहि पाछिल नइ वेद लगाना ५ देखि स्वपन पूजक हरषावा ॥ उठयो प्रात भोजन विरचावा ॥ सिसुहिं जिवाय प्रथम सन माना ॥ हरि हिं बहुरि नइ वेद लगाना ६ तव भगवान भक्त हितकारी ॥ सोऊ स्वरूप बाल निज धारी ॥ बाल केलि रत कृपा निधाना ॥ लगे विलास करन प्रभु नाना ७ एक दिवस तजि भवन प्रवीना ॥ बालक गवन बहिर पुर कीना ॥ पाछे वाल रूप भगवाना ॥ लीने अरक वृक्ष फल पाना ८ गोविंद कहं प्रभु ताडन लागे ॥ कृपा सनेह हरष रसपागे॥ तेऊ लेत फल अरक सुहावन ॥ लग्यो प्रभु हिं निज करन चलावन ९ दोहा अस प्रकार सेवक प्रभू ॥ वार वार सुभवार ॥ करन अरक फल परसपर ॥ खेलत जुगल कहार १ चौपाई तब जननी गोविंद सुहाई ॥ पकरि लेत निज सदन स धाई ॥ दुगध पान भोजन हरषाई ॥ लगी मातु जुत प्रीति जिवाई ॥ १ ॥ भोजन जेवत गोविंद काहीं ॥ सोचसु मरणभयोमनमाहीं ॥ जबप्रभुअरक वृक्षफलमास्यो ॥ मैस्परसजल दीनाविसास्यो २ अबविनुसौचपाकमैपावा ॥ दीनजननिकहंकथा सुनावा इहअसचरज सुनतमहतारी कहिनसकतकछुवदनउचारी

३ सिसुहिसौचजल देतकरायो ॥ अतिस प्रीतिजुतपाकजिनावायो ॥ दूसरदिवस प्रातमनभावा ॥ रचिपूजक नइवेदसुहावा ४ ॥ जबगवन्यो हरिभवनलगावन ॥ तबकीन्यो बालिक मगछावन ॥ मुहिपूरवनइवेदकराई पाछेप्रभुहिं लगावहुजाई ५ जोपूरव प्रभुपावतऐहीं ॥ तोमुहिअन्वेषणावनपैहीं ॥ एकल भागि जातविनुदोई ॥ नाहिन अवसेरतमुहि सोई ६ सुनिपूजकसिसुकाहिं निवारा ॥ तेन टरहिं ताकर असटारा ॥ अंतहारिपूजकजन जाई ॥ तासजनकसनकथा सुनाई ७ अबतेंहमनजावहरि भवना ॥ इह तुमारबालक मगगवना ॥ पूरवहीं नइवेदअलाए ॥ मांगतविनुभगवान दिखाए ८ सुनिअनुचित असबालअचारा ॥ बोलिजनक कोन्यो तृसकारा ॥ तबसिसुअभयजनक सनबानी ॥ भाषिस वदनरुदनकछुठानी ९ इहपूरवभोजन असपाई ॥ चलेजातमुहिसंग विहाई ॥ पुनिखोजतपथ मिलतनसोई ॥ मोरेभ्रमत विपुलदुखहोई १० जनकसुनत असगिराअलाई ॥ अबनजाहितोहि सुवन विहाई ॥ बहिरभवन अवबौठि सुहावन ॥ तुवनिजकरहु पाक सुतपावन ११ दोहा भीत्रभवनभगवान निज ॥ लेहिंसुभोग लगाय ॥ तदपसचात प्रसन्नमन ॥ विचरहुं जितरुचिजाय १ चौपाई यद्यपिजनक विविध समुझावा ॥ तद्यपि बालपाकनहिपावा ॥ एकलजात मोहितजिएहू ॥ करतबालअसहृदयसंदेहू १ ताते मै भोजन नहि पावहुं ॥ इनसन बाल केलि हित जावहुं

अस कहि बाल वेग उठि धावा॥जनक देखि मानस विसमावा
२ कछुउनमत्तजानिजिय तासा ॥ करतपरसपर अस संभासा ॥
तबभगवान स्वपन निसिदीना ॥ तुवपूरब इहिबाल प्रवीना
॥ ३ ॥ देत प्रथम भोजन सनमाना ॥ पुनिमोरे नइवेद लगाना
॥ पूजकस्वपनदेव असपाई ॥ सिसुहिं प्रथम भोजन हरषाई ४
रहेदेतसंजुतअनुरागा ॥ असगोविंद भक्तबडभागा ॥ बालरूपतें
जठिरप्रचंता ॥ रह्योसि भक्तिनिरत भगवंता ५ गृहसथ धरमसेवत
सनमाना ॥ करतसप्रीति जजनभगवाना ॥ भोगतअखिलकाम
संसारू भक्तिप्रसाद भक्त ब्रतधारू ६ दोहा सुमरत कृष्णकृपायतन
अंततजतनिजकाय ॥ मुनिसुरदुरलभ ललितगति ॥ लीनजतन
बिनुपाय १ इतिभक्तविनोद ग्रंथेगोविंद चरित वर्णनं नाम सर्गः
४७ ॥ दोहा अन्यभक्तरघुनाथजन ॥ गोपीनाथप्रवीन ॥ रामभ
द्र वैष्णब भए ॥ विदत भक्त पथ लीन १ इति सर्गः ४८
॥ अथ गुंजा माल चरितम् ॥ दोहा गुंजा माली भक्त इ
क ॥ पसचम देस सुहाय ॥ विदत लहा डरग्राम कल ॥
उपजे संस्रति आय १ ॥ चौपाई अति धनडच रत धरम
प्रवीना ॥ कृष्ण सरोज चरण मन लीना ॥ सुत द्रुम तास
एक हित कारी ॥ अक समात मृत लीन उपारी १ पुत्र
शोक दारुण दुखमानी ॥ मिथ्यासदनदार वित जानी ॥ भयो

विरक्त भक्ति अनुरागा ॥ कीन सकल संपति जुगभागा २ ए
क भाग निजत्रियकर कीना ॥ दूसर पुत्र पतनि कहं दीना ॥
भाषिसइह तुवलेहु सुजाना मैमथुरा निज करहुं पियाना ३ पुत्र
पतनि तब वचन उचारा इह वित जनक देन दुखभारा॥ चाह
तभोगविवध अभिरामा ॥ ताकर मुहिनतातकछुकामा ४ प्राण
नाथ विनु धूलिसमाना ॥ मुहि इह होत जनक धनमाना ॥ अ
स विचारिसंकुलसुख भंगा ॥ चलहुतात मथुरा तुव संगा ५
सेवहुं जठिर जानि पितुतोही ॥ इहन अनुचित तात कछुमो
ही ॥ अससुनि त्रीयहि सकलावितदीना पुत्रपतनि जुतभक्त प्रवी
ना ६ सानुकूल मथुरापुरि आवा देखिभवन इक जठिर सुहा
वा ॥ ताहि समीपरुचिरुचिर कुटीरा ॥ लग्यो निवास करनमति
धीरा ७ तास भवन कल मूरति जोई ॥ पूजन लग्यो भक्तिजुत
सोई ॥ सुमतिसुनखा तास वडभागी ॥ पितु समान सेवन अ
नुरागी ८ ब्रह्म चरज पर धरम प्रवीना ॥ मूरति दैवजजन मन
लीना ॥ जब जब प्रभुहिं भवन सुभजाई ॥ सादिर सुचि नइवेद
लगाई ९ वाहिर होहि कलदेत कवारन ॥ जात बहारि जब
भवननिहारन ॥ तब नइवेद न्यून कछुदेखहिं ॥ असप्रकार
नित अदभुत लेखाहिं ॥ १० ॥ दोहा देखहुं भक्ति प्रभाव
इह ॥ तिनकर भोजन दान ॥ नितआवत असभवन निज
कृपासिंधु भगवान १ चौपाई एकदिवस सिसु निकर सुहाए ॥

तहां बालक्रीडाहित आए ॥ खेलत सकल परसपरराग ॥ भरिभरि धूलिउडावनलागे १ मूरति देव अछूर्यादिन होई ॥ धूसर देखि हगन जोयसोई ॥ कस्यो नृमत सन बालनता सा ॥ भागेबालमानि जयि त्रासा २ तब नइवेद लाय भगवाना ठाडिस आपु बहिर मातिमाना ॥ बहुरिभवनजब देखन धायो तेप्रसाद परि पूरण पायो ३ तब गुंजासन जात अलावा ॥ आज भोग भगवन नाहि पावा ॥ तास सुनत चिंता जीयकी न्यो ॥ तब नइवेद बहुरि धरि दीन्यो ४ सो नहि पाव जवहिं भगवाना ॥ तव गुंजा अस तासु वखाना ॥ पुत्रलिहु पाक तुव पाई ॥ मैतब करहुं जतन हरषाई ५ इह पावहिं करुणानिधि आपू ॥ हारन हृदय भक्त संतापू ॥ तेसुसील सुनि वचन अलावा तुवन पाव भगवान नपावा ६ पितु मै अधम लेहुं कसपाई ॥ अस प्रकार क्षुद्धित निसि छाई ॥ सो नइवेदरहा प्रभु आगे ॥ तब भगवान भक्त अनु रागे ७ तिन कर दीन स्वपन निसि माहीं ॥ तुव खेलत बालक जन काहीं ॥ कालि करत तृस कार निवारे ॥ सो बालक भावत मुहि प्यारे ८ तेन करहिं जब लग इत आई ॥ भवन मोर निज्ज केलि सुहाई ॥ तोलो मै न पाक कछु करना ॥ अस प्रकार जब भगवन वरना ९ गुंजा उठ्यो परम हरषाई ॥ सादिर भवन देव निज आई ॥ विनय लीन अस कहत उचारी ॥ प्रात बाल इत भक्त उवारी १०

आय करहिं प्रभु मानस भाई ॥ धूलि केल निज रुचिर सुहाई
अब इह लेहुं पाक प्रभु पाई ॥ दूषत धूलि भक्त सुखदाई ११
विनय सुनत अस भक्त रसाला ॥ दीन बंधु प्रभु दीन कृपाला ॥
जथा नित्य निज भोग सुहावा ॥ कृपा सिंधु तब लीनसि पावा
१२ दोहा हरषे देखत भक्त जुग ॥ निज भगवन असनेहू ॥ ला
गे गुणगणरटन मुख ॥ निरतत प्रेमरतेहू १ इति भक्तविनोद ग्रं
थे गुंजा माल चरितं नाम सर्गः ४१ ॥

अथवक्षमाण भक्त चरितं कथ्यते ॥ दोहा आनहुं अस संसृति भए ॥ भगवन भक्ति प्रलीन ॥ महाराष्ट्रकल जाति जिमि ॥ विठ्ठल भक्त प्रवीन १ रोडाछंद ॥ सूरति दास प्रसिद्ध दास रघुनाथ उजागर ॥ जदुनंदन हरिदास चतुर भुज जन गुणसागर ॥ दास मुकुंद सुभक्त विष्णु जन कीरति माना ॥ केशव दास प्रसिद्ध करन कल दंड प्रणामा १ अब जेजे हरिभाक्ति निरत जग नागर नारी ॥ तिन कर सुभ अभि राम नाम मुख करहुं उचारी ॥ इक कन्या धानीक पुरुष सीता अस नामा ॥ गौरी उमा प्रसिद्ध भक्ति भगवन रत रामा २ दोहा गंगा गोपालि विदत सुमरि कृष्ण जिन नाम ॥ लीन्यो भक्ति प्रसादतें ॥ कृष्ण धाम अभिराम १ इति भक्त विनोदग्रंथे पूर्वोक्त भक्त चरितं नाम सर्गः ॥ ५० ॥ दोहा ॥ अब गणेस देवी विदत ॥ भक्त भूप इक रानी ॥ भक्ति महातम तास कछु ॥ करहुं कथन सुभवानी ॥ १ ॥ चौपाई देखि संत वैष्णव सनमाना॥ सेवत जानि भक्त भगवाना ॥ एक दिवस दुष्टातम काहू ॥ वैष्णवकपट भेषधृतताहू ॥ १ ॥ आयनगरतहिभक्तमहाना ॥ बन्योनकाहु मरम सठजाना ॥ भयो भूप सनमुख सनमानी ॥ करत नरंत्र कपट रतवानी २ साधु सरल चित नृप गुण रासू ॥ ताहि परभयो करत विस्वासू ॥ अंतह पुर प्रवेश पुनि दीना ॥ महीषी प्रीति भक्ति मन लीना ३ लागी करन

रुचिर सिवकाई ॥ दिन दिन अति प्रतीत सर साई ॥ एकादि वस महिषी कर गेहा ॥ कीन गवन सठ धूरत तेहा ४ रही इकाकि भवन निज रानी ॥ अधम सुपच भल अवसर जानी छुरिका लेत क्रूर बत जाई ॥ दीन वदारि जंघत्रीय राई ५ कहां कहत वित भूषण तोरे ॥ देहु दिखाय वेग जढ मोरे॥तब अति रुधिर जंघ नृप रानी ॥ चल्यो विहाय वेग जिमि पानी ६ देखि अधम अति त्रासत भागा ॥ अवनवचहुं उर धीरज त्यागा ॥ तब महिषी प्रक्षालन कीना ॥ घाउस जतन बांधी पट दीना ७ तोलो आय भूप वड भागे ॥ सिज्जा रूढ होन जब लागे ॥ श्रोणत देखि उपज संदेहू ॥ पूछत हेतु कवन प्री य एहू ८ सुमति प्रवीन धरण पति रानी ॥ कहिस वचन अस मरम दुरानी ॥ पति वर मुकत केशि मुहि जानी ॥ करहु सपर स आज जानि पानी ९ भूप सुनत अस चल्यो सधारी॥ चतुरथ दिवस मदन वश भारी ॥ आवा सदन तास सुख मानी ॥ जंघ घाउ वश पीडत रानी १० तासु देखि अस पूछत राई ॥ तब महिषी सब कथा सुनाई ॥ सोपति महा भागवत संता ॥ इत विलोकि मुहि सदन अकंता ११ छुरिका हनत घाउ असकीन्यो ॥ चल्यो भागि जव श्रोणत चीन्यो ॥ कसन कह्यो तुवभूपतिकाहा ॥ सठहिंदत धरि पावक दाहा १२ दोहा साधुजानि तहि प्राणपति ॥ घोर दंड तुवचीन॥ तज्यो दीन दुख लीनवपु

महिषि कथन अस कीन १ देखिभक्ति असमुनत नृप ॥ वचन दया रस पागे साधु साधु कहि वदन निज ॥ विविध सराहन लागे २ जेनर अनहित देखि अस ॥ कराहि रुचिर हित आथते संसृति नर धन्य तिन ॥ धन्य सुजस जगछाय ३ अस निसकंटि कराजनिज॥भोगतदंपति दोय॥भगवनभक्ति प्रसादतेजियत मुक्तजगहोय४इति भक्तबिनोद ग्रंथे पूर्वोक्त भक्तचरितं नामसर्गः५१ सोरठा अस प्रकार त्रीय आन ॥ कृष्ण भक्ति रतजे भई ॥ नाम मात्र सनमान ॥ करहुं कथन तिन कहं वदन १ दोहा कोली विदत कलाल खह ॥ सतभामाअभिराम ॥ मानवती देवामृगा ॥ कमलादी गुणधाम१जमना हीरा देवकी ॥इहत्रीय भक्ति प्रसाद तरीजतन विनुजनहुंजग जलनिधअगमअगाध २इति सर्गः ५२ दोहा ॥ अबनरवाहन भक्तकर ॥ भक्ति महातम चारू ॥ करहूं कथन सादर वदन ॥ श्रोतन जनमनहारू १ चौपाई अंतर वेधि देसजुइ गावा ॥ कान कुबजसामीप सुहावा ॥ रमय तहां रुचिर इकग्रामा॥ भूमिनाम विदत अभिरामा १ तहां वसहिं इकभक्त प्रवीना ॥ कृष्ण सरोज चरण मनलीना ॥ अतथि संतसेवन अनुरागी ॥ विषय विकार मारमदत्यागी २ संज्ञा वनक विपुल धनवारा ॥ वोहत वाहनिरत व्यापारा ॥ समय एक लुंठिक बलवाना ॥ बलातकार तास जलजाना ३ सामग्री परि पूरत भारी ॥ हस्योलीन असवदनप्रचारी ॥ नरवाहन करचरण बधाई ॥ च

ह्यो लेतजड लुंठिक राई ४ निजगति देखिभक्तवडभागा ॥ कृ
ष्ण कृष्णअससुमरन लागा ॥ क्षुधिततहां विथतअसतासा ॥ ग
यो जुगलजब दिवस बितासा ५ तवलुंठिक इकदासि रहाया ॥
उपजी हृदय तासकछुदाया ॥ अन्नदेनहित लुपत सुहाई ॥ तहि
पं करतसुकचजीय आई ६ साधुदेखि मंजुलअसवानी ॥ तासु
कृपावति बदनवखानी ॥ इह लुंठिक सेवक हितकारू ॥ एहिंसं
तहरिवंस उदारू ७ ताते तुवदोरघस्वर संगा ॥ श्रीराधावल्लभ दु
ख भंगा ॥ बारवारअसकेहु अलाई ॥ तो इह केहिं कवन तुव
भाई ८ तवतुमकहहु निडरकरन्याई ॥ मै सेवक हरिबंस गुसाई॥
तेसुनि करहिं विविध सतकारा ॥ देंहि तुमार गृहित धनसारा९
दोहा तबनरवाहन समय लखि ॥ कीनउचारण सोइ ॥ जबपू
छयोहरि बंससिष ॥ कहिस सचुकसब खोइ १ चोपाई तुरत ता
स चरणन सिरनावा ॥ निज अनुचित सवक्षमाकरावा ।पूछत
भक्ति प्रीति जुतनामा॥ सोवित दीन विविध सनमाना १ प्रकट
न करहु काहु सनजाई ॥ बारवारअस विनय अलाई ॥ तब न
रवाहन विवध प्रकारा ॥ तासु प्रबोधहरण दुरचारा २ करि करि
महाभगवत कीना॥ दुरमति हरत सुमति सुभदीना ॥ होतविदाय
चले निजगेहा ॥ अस प्रकार नरवाहन एहा ३ दोहा परहित से
बत संतजन ॥ लुंठकादिजगतार सुमरत कृष्णकृपायतन भयोजल
ध भवपार१इति भक्त विनोद ग्रंथे नरवाहन चरितं नामसर्गः५३

रोडा छंद ॥भए भक्त भगवान आन गुण मान सुहाए ॥ श्री गोबिंद प्रबीन विद्दत दामोदर गाए ॥ ईस्वर माया नंद गुठल तुळसी जन नामा ॥ गौरी दास प्रसिद्ध वैस वंदी अभिरामा१ भक्त भगवती रामदास मोहन जनचारू ॥ मारबाढ जगधीस विदत लखमन व्रतधारू ॥ भावदास रतिदास भक्तकुल विद त सुधीरा ॥ लखन पूर गोपालदास गुण कीरति खीरा २ दोहा ॥ भए दास भगवान अस ॥ नाम सोम पथ ग्राम ॥ भक्त जनार्दन कृष्ण पद ॥ प्रीति निरत अभि राम १

इतिभक्तविनोद ग्रंथे पूर्वोक्त भक्त चरितं नाम सर्गः ५४

अथ गोपाल दास चरित कथ्यते ॥ दोहा ॥जो बनेर पुर विद त इक ॥ भक्त दास गोपाल ॥ भक्ति महातम तास अब ॥ वर नहुं वदन रसाल१ चोपाई गृहस्थ्य धरम रत सद्गुण क्षीरा ॥ पैविरक्त वत भक्त मधीरा ॥ पूरब तास वंस वरकोई ॥ कानन कृष्ण भजन रतहोई १ बिचरत रह्यो भक्ति मन लीना ॥ तब अस विपन श्रवण तहि कीना ॥ वंस मोरगोपाल सुहावा ॥ काहु विरकत भक्त उप जावा २ प्रीक्षा करन हेतु अनुरागा ॥ जावा द्वार तास वडभागा ॥ निजबांधव गोपाल नजाना ॥ क छु सामान कीन सनमाना ३ कहिस बहुरि निज वदन उचारे

चलहु जाठिर अब सदन हमारे ॥ देखहुं त्रीयन बदन व्रत मोरे ॥ चलहुं सभक्त सदन कस तोरे ४ तवगोपाल कहिस कर जोरयो ॥ त्रीयसबऐहिलुपतइकओरयो ॥ असकहितासुसदननि जलावा ॥ अकसमातत्रीयदरसनपावा ५ भामनवदनदेखिजबलीना ॥ दारुणकोपजठरजीयकीना ॥ धरतचपेटवदनतहिमारा ॥ मूढकीनव्रतभंगहमारा ६ तवगोपालहरषउरमानी ॥ बोल्योवदन मनोहरवानी ॥ इहिकपोलकरभागमहाना ॥ जोप्रभुकरहुंसफल अवआना ७ तोतुवदासनहिनसंदेहू ॥ होहिंकृतारथसंसृतिएहू॥ अरुप्रभुकहंजहिवदनादिखाना तासुदंडअवदेहुमहाना ८असनिरदं भवचन सुनि तासा ॥ जठर संत निज हृदय हुलासा ॥ बोल्यो त्रीय कहंदंडन जोगू ॥ अपजस करहिं सुनत सब लोगू९ दोहा तुमहुं अदोषन दोष कछु ॥ मै श्रवणन जस कीन ॥ तसदेखा तुहिभक्तवर ॥ कृष्णभक्तदढलीन १ चौपाई प्रीक्षाकरनहेतुतुवआवा ॥ अवसंदेहसबहृदयबिहावा ॥ जीत्योजासक्रोधसंसारा ॥ विजयकीनतहिसकलविकारा १ दोहा इहभक्तीमारगविघन ॥ जिमिकंटकदुखदाइ ॥ असभाषतमुखसीसजुग ॥ चलेपरसपरनाइ १ इतिभक्तविनोदग्रंथे भगवद्भक्तिमाहात्म्ये गोपालदासचरितंनामसर्गः ५५

अथलाखाभक्तचरितम् ॥ दोहा लाखाभक्तप्रसिद्धइक ॥मरूदेससु भगाय तिनकरकथापूनीतमै ॥ करहुंकथनसुखदाय १ ॥ चौपाई भिक्षाटनकरिसंतनसेवा ॥ करतरहतजुतभक्तिअभेवा ॥ असप्रका रव्रततासधरावा ॥ तबदुर्भिक्षकालजगछावा १ सदनअन्नकछुज बनरहान ॥ सोसंतनकहंदीनजिवाना ॥ आगलभिक्षामिलाहिंन काहू ॥ असप्रकाराचिंताकुलताहू २ त्रीयसनभाषतवदनउचारी॥ अवब्रतनिवहिंकवनविधिप्यारी भामनसुनहुमोरप्रणएहा ॥ छूछेजा हिंसंतजबगेहा३ तहिदिनअनलदेतनिजधामा॥ मरहुंबचिजरिजत नलिलामा ॥ भामनकहिससुनहुपतिप्राना ॥ मैनिजहृदयएहुप्रण ठांना४ कैदिशांत्रपतिचलहुंपराई ॥ जारननतरसदनवपुआई ॥ असप्रकाराचिंतनजबकीना ॥ तवभगवानस्वपननिसिदीना ५ तु बनकरहुचिंताजीयमाहीं ॥ तोरधरमराषनहितकाहीं ॥ ग्रामाधीस प्राततुवगेहा ॥ आवहिंभक्ताविगतसंदेहा ६ एकप्रसूतमहिषमनभा वा ॥ पंचासतमणअन्नसुहावा ॥ तुमहिदेवमानसहरषाई ॥ सोतुवभक्तसृष्टअसषाई ॥ ७ ॥ राखिसजतनकोष्टकलदेना ॥ लेहुअधोमुखजव जवलेना ॥ पैअतलुतकछुतौलनकरना ॥ महिषीदुगध लेतमनहरना ॥ ८ ॥ तहिसन अतथिसंत समुदाई ॥ तुवसादरजनदेहु जिवाई ॥ इह दुर भिक्षदेखि जनिडरहौ मानसमृताविचार जनिकरहौ ९ दोहा भक्त प्रात अस स्वपननिजत्रीयसन दीनसुनाय॥ आवाग्रामा धक्षउत॥ लीयेलोक

समुदाय १ महिषीसंजुतदीनतहि ॥ अन्नभक्ति सरसाय ॥ सोदं पतिनिजसदनसुभ॥ राख्योजतनदुराय २ चौपाई जथाप्रबोधकीन भगवाना ॥ तथाभक्तसंजुतसनमाना ॥ कृष्णसरोजचरणमनलाई ॥ लाग्योकरनसंतसिवकाई ॥ १ असप्रकारदुरसमय विहान्यो ॥ तवश्रीजगननाथ दरसान्यो ॥ चल्यो करतअष्टांगप्रणामा संजुत पतनि भक्त अभिरामा २ अष्टादस वर नाल सुहावन ॥ भक्तप्रथा नकीन तहं आवन ॥ तव भगवन पूजक जनकाहीं ॥ कीनसिक थन स्वपन निसिमाहीं ३ कृष्ण भक्त पुरमोर सुहावा ॥ संजुत रुचिर पतनि निज आवा ॥ करि अरूढ सिवका सुखदाई ॥ वेग लाहु मोहि सनमुखजाई ४ तव पूजक सादिर हरषाए ॥ करिसतकार भवन हरि लाए ॥ भक्त देखि दरसन भगवाना दंड प्रणाम करत सुखमाना ५ जानि सकल निज जनम सुभागा ॥ तहां निवास करन निज लागा ॥ पाछे सदन भक्त व्रतधारी ॥ रहीं ललित मृदुसील कुमारी ६ भई सुपानि ग्रहण करजोगू ॥ अपजस करहि देखि सबलोगू ॥ तबकृपाल प्रभु भक्त सहाया ॥ रजनी स्वपन पूजकन दइया ७ लाखा भक्त मोहि अति प्यारा ॥ संपति कोस मोरधन सारा इहि कहं देहु विलम ताजि आजू हुइहें सिद्ध भक्त ममकाजू ८ पूजकजवन देसअसपावा ॥ लगेतासु धनदेन सुहावा ॥ लाखा वदन नम्रअसकाहा ॥ मोहि लालसदरसनप्रभुराहा ९ नहिन बि

तादिमोर मनकामा ॥ असप्रभुदरस पायअभिरामा ॥ तेनतजहिं हठदेवपुजारी ॥ चल्योभक्त तवलुपतजुहारी १० नृपकहं दीनरव पनभगवाना ॥ रोक्यो तासु जतन सनमाना ॥ संजुत प्रीति देन भनलागा ॥ सोकिमि लेहिं भक्त वडभागा ११ दोहा वारवारज बकाहिस नृप ॥ हार्यो भक्तप्रवीन ॥ छितपतकर हठदेख अति ॥ अंतकछुकगाहि लीन १ चौपाई आवासदन भक्तउत्साहू ॥ प्रथम दीन निज सुताविवाहू ॥ पाछे रह्योजवन धनगेहा ॥देखि स अतथिसंत जननेहा १ लग्योविभक्त करनहरषाई ॥ भोजनादिसु चिदेहिं जिवाई ॥ असप्रकार सुभ संतन सेवा ॥ करत करत ह रि भक्त अभेवा २ दोहा जठिर भयो तव सदिन तकि ॥ विनु अजास तजिकाय ॥ सुमरत कृष्णाकृपायतन ॥ लीन परम पद पाय १ इतिभक्तबिनोद ग्रंथे लाखा भक्त चरितं नाम सर्गः ५६

॥ अथ नरसी भक्त चरितम् ॥ दोहा अब संकुल सुखकर न वल ॥ हरन मोहभ्रम सूल ॥ भक्ति महातम करहु क छु॥ कथन मंगलनमूल १ भक्ति दृढावन प्रेम प्रद ॥ मनभावन मुददात॥जास सुनत भवनरन दुख दोष दुरत दुरजात २ चौपाई गुरजर देसाविदत अभिरामा॥तहिंमेंअजा नाम इक ग्रामा ॥ नागर

जाति द्विजन कुलचारू ॥ भएभक्त नरसी व्रतधारू १ ते पूर
व जनमांत्र सुहाए ॥ सुभ सुराष्ट्र देसन उपजाए ॥ अति सुभ्र
त द्वारा बति तेही ॥ षष्टजुगलजोजनइकएही २ रेवतसैलप्रांतम
नहारू ॥ पूनानामविदतपुरचारू ॥ तहांनरंत्रकोननिजवासा ॥
वरजतजननिजनकगुणरासा ३ ज्येष्टभ्रातजुतभामनिसोहा ॥ आ
पुभक्तानिसत्रीकअमोहा ॥ एकादिवससेबकजदुराई ॥ ग्रामप्रजटन
करतग्टहआई ४ कहिसप्रजावतिसममुहिपानी ॥ देवहुवेगतृषा
रतजानी ॥ तेनयुक्तकारजारिसछाई ॥ अतिसकटुकमुखवचनअला
ई ५ मूढकबनअलकाजसवास्यो॥ मांगतवारवारमुखवास्यो ॥ आ
वाजनहुंशकटकरि क्रीडा ॥ अहोअधम नहिआवत ब्रीडा ६
खानपान अवसर तकि आवत ॥ बहुरि नमंद वदन दरवावत ॥
दीनेदैवचरणकरतोही ॥ आपुनलेतदेतश्रममोही ७ तजहुजाहुअ
वदारदासू ॥ मोरेनाहिनअधमअवकासू ॥ तासबचनसुनिवज्रस
माना ॥ नरसीहृदयमरणरुचिमाना ८ दोहा हालाहलतेंअधिकइ
ह ॥ दसगुणवचनकठोर ॥ ते मारतइहज्वाल वत ॥ जारत जी
यनिसभोर १ शक्ति खडग सर सूलनर ॥ करहठलेत सहारि ॥
पै इहसस्यो नजातजग ॥ वचन बानदुखभारि २ चौपाई अस
चिंतत जीयभक्त सुजाना ॥ चल्यो धीरगत दुखित महाना ॥
तीनकोस पुरबहिर सुहाए ॥ गोपनाथ जगदीस्वर गाए १ अभ
यवरद दीनन हितकारी ॥ आयो तहांभक्त ब्रतधारी ॥ करि प्र

साम आसन दृढलीना ॥ तजहुं प्राण मानस प्रण कीना २ स
पतदिवसआसतामुसराना ॥ कस्योनभक्तअन्नजलपाना ॥ मस्योन
जबाहिंजतनतबकीना ॥ गौरवशिलाकरनगहिलीना ३ सिवपैरा
खिसीसदिजनीके ॥ भोजीभननसुमरिनिजजीके ॥ लग्योसीसज
बशिलाप्रहारन ॥ महादैवतवभक्तउवारन ४ विप्ररूपधृतरुचिरन
वीना ॥ तासुनिवारिप्रबोधनकीना ॥ आतमघातकरहुकसमूढा॥
इहतोविदतपापजगगूढा ५ मुहिप्रसन्नजायजानिअभेवा अववर
मांगमांगमहिदेवा ॥ नरसीसुनतअलोकिकरचना ॥ विप्रसरूपवृ
षभ ध्वज वचना ६ अति प्रसन्न मानस अनुरागा ॥ नंम्र वचन
मुख भाषण लागा ॥ जो प्रसन्न तुव जन अनु गामी ॥ मोरे
देन चाहुवर स्वामी ७ तोनिज प्रीये वस्तु मनमाना ॥ करहु दा
न मुहिकृपा निधाना ॥ तव शंकर निज हृदय विचारा ॥ अस
प्रीय वस्तु कवन संसारा ८ जो इहि देत वचन निज काहीं
करहु रुचिर फुर संस्रति माहीं सवतें आधिक विश्व मुहिप्यारे
कृष्ण देव सज्जन हितकारे ९ सोअस देहुं कवन विधि एहीं
॥ हृदय गुनत हरदीन सनेहीं ॥ बोले वदन वचन दुख मोचन
॥ मूदहु वेग भक्त जुगलोचन १० मैवर देहुंउचित जसतोस्यो
नरसीसुनतपलकदृगजोस्यो ॥ तबकौतकमथुराहरल्याए ॥ करिवि
लासजनुस्वपनसुहाए ११ तहांशंभु प्रीयकृष्णरसीला ॥ निरत
रासमंडिलकललीला ॥ देखिकहतहरभक्तसनेही ॥ त्रीयसमा

ज प्रीयसन कन एही १२ दोहा अस विचारि तहि वृषभ ध्वज ॥ प्रमुदा भेषवनाय ॥ कौतक कलित प्रदीपका ॥ करदै चले लिवाय १ चौपाई तहां जाय हर संजुत दाया ॥ सुनहु भक्त अस वचन अलाया ॥ इह राधा इह कृष्णमुरारी ॥ भक्त हेत संसृति अवतारी १ इनहि छाडि मुहि मानस प्यारा ॥ आन न सुनहुं भक्त संसारा ॥ राधा कृष्ण मंत्र जग पावन ॥ करहुं नरंत्र रटन मन भावन २ सरत्रकाम प्रद मंगल मूला ॥ हरान दुरत दोषदुख सूला ॥ सुनि अस शंभु कथन जदुराई ॥ वोले वदन वचन मुसकाई ३ शंकर दीपधरातुव एहू ॥ कवन करहु मोहि कथन सनेहू ॥ तव गरीस अस वदन उचारा ॥ दीन नाथ इह भक्त तुमारा ४ मै लावा प्रभु शरण तुमारी ॥ कारि निज कृपा दृष्टि गिरि धारी ॥ संसृति करहु कृतारथ एही ॥ सदादैव तुव भक्त सनेही ५ शंकर कथन सुनत भगवाना ॥ वोले मधुर वचन हित साना ॥ शंभु तुमार भक्त प्रीय मोरा ॥ मोर भक्त जन निंदक तोरा ६ सो द्वेषी माहि शत्रु समाना भोगत घोर नरक सठना ना ॥ विष्टाक्रमी होत पुन ताहू ॥ होईहैं अंत ग्राम वाराहू ७ क्षुधित तृषत दुःखित जगसोई ॥ भ्रमत रहत दारद रतहोईं याते संसृति भक्त तुमारा ॥ तुवसमान मुहिमानसप्यारा८ बत श्रीकृष्ण दैव हरषाए ॥ दीपधरनि कल रूप वनाए ॥ नरसि भक्त कहं संजुत दाया ॥ दीन नाथ अस वचन अलाया ९ भक्त सरूप मो

रसुभभेखा ॥ इह तुवजवन दृगन भरि देखा ॥ लेहु नरंत्र अत्र निजधारी ॥ मोर नृत्यगुण गीत उचारी १० विचरहु अभय भक्त संसारा ॥ तुमहि सुजस सुख सरव प्रकारा ॥ लोक प्रलोक सिद्ध सव तोरा ॥ संतत वचन भक्त वर मोरा ११ अरुजव वतहिं काज कछु तोरे ॥ करि सुमरण सज्जन तव मोरे ॥ मै भेषांत्र सिद्ध सब तोरा ॥ कारजकरहु भक्त प्रणमोरा १२ दोहा सुनि नरसी असवचन कल ॥ कृष्ण दैव सुखदान ॥ खुले नैन भयो निकट थिर ॥ गोप नाथ भगवान ॥ १ ॥ सुमरत राधा कृष्ण मन ॥ शंभु चरण सिरनाय ॥ चल्यो भक्त ग्रामांत्र कहं ॥ भक्ति प्रीति सरसाय २ चौपाई मारग मिल्यौ नाति जनकाहू ॥ सो विलोकि संजुत उतसाहू ॥ प्रेरत कृष्ण दैव भगवाना ॥ नरसी सृष्ट भक्त जीय जाना १ अस विचार करि मानस ताही ॥ तासु दीन निज सुता विवाही ॥ तव हरि भक्त दार रत सोई ॥ लग्यो नकेत वसन दुख खोई २ अस प्रकार तांकर मन हारू ॥ उपजे सदन सुता सुत चारू ॥ भक्त कुटुंव निरत तव भयो ॥ दिन दिन अधिक अधिक सुख लयो ३ सेवन अतथि संत अनु रागा ॥कृष्ण सरोज चरण मन लागा ॥ किंकरादि कलवाद वजाई ॥ निरतत कृष्ण विमल गुणगाई ४ देषि जाति जन द्वेष प्रकासा ॥ कीन वहिर निज पंकति तासा ॥ यद्यपि दीन अधम अस दोसू ॥ तद्यपि न कीन भक्त कछु रोसू ५ कृष्ण सुमर

ण भजन इहि भांती ॥ ततपर रहत भक्तरतशांती ॥ दुष्ट लोक न
हि आवत नेरे ॥ सोऊ नजात सदन तिनकेरे ६ अस प्रकार क
छु समय विहावा तबइक गृस्थिहरष उरछावा चलन लागद्वारा
वति काहीं आवा भ्रमत ग्राम तहिंमाहीं ७ लोगन सन
अस तास वखाना ॥ मैचाहूं द्वारावति जाना ॥ मोपै रह्यो द्र
व्य अधिकाई ॥ सुन्योपरत लुंठिक मगभाई ८ काहु तुमार न
गर धनिसाहू ॥ इह वित देहुं सकल निजताहू ॥ तहितें पाय
पत्र सुखदाई ॥ द्वारा वती लेहुं धनजाई ९ दोहा तेधूरत सु
नि कथन ताहि ॥ कपट कूट सरसात ॥ बोले नरसी भक्त इक
इहांधनक अव दात १। चौपाई जाहु पथक तांकर तुव धामा
सो फुर करहिं तोर सब कामा ॥ तें पूछत अस चल्यो स
धारी ॥ आवा सदन भक्त व्रतधारी २ करत भेट अस वदन
उचारा ॥ इह धन लेहुं भक्त तुव सारा ॥ द्वारावति पें धनक
सुहाई ॥ मोरे देहु पत्र लिखिभाई ३ तहां विलंव विगत मैं जा
ई ॥ लेहुं रुचिर धन आपन पाई ॥ नरसी सुनत कथन अस
तासा ॥ लख्योकीन दुरजन कछुहासा ४ अब इहि करफल
पावन जोगू ॥ जो इह कीन कपट दुरलोगू॥ यद्यपि अगम
असंभव जाना ॥ तद्यपि सुमरि कृष्ण भगवाना ५ करहुं जतन
कछु हृदय बिचारी ॥ काहिस तासु अस वदन उचारी ॥ केतक
वित तुव देहुं दिखाई ॥ मै अब लिखहुं पत्र सुखदाई ६ ॥

तब तहि गनत सपत सत दीन्यो ॥ मुद्रा चारु भक्त वर लीन्यो ॥ स्यामल साह ओर हरषाई भक्त सृष्ट पत्रक सुखदाई ७ निज कर यथा उचित लिख दीनी । मै स्यामल मुद्रा इत लीनी ॥ त्रिभुवन धनी पत्र जोइ मोरी ॥ इहि कर तुमहिं आज जग खोरी ८ मोरे करन लेख अनु सरहीं ॥ तुमहिं अवश्य देन अब परहीं ॥ इह सूक्षम पत्रक व्यवहारू ॥ जोन भरहु अपजस संसारू ९ मोर तोर कछु होहिं नथोरा ॥ अस प्रकार जन वदन निहोरा ॥ पत्रक दीन पथक कर तासा ॥ जात लेहु स्यामलधनिपासा १० चल्यो सुलेत पत्र हरषाता ॥ इत हरि भक्त भक्ति मदमाता ॥ सोवित अताथि संत दिजकाहीं ॥ कीन विभगत सदन निजमाहीं ११ उहां बनक द्वारावति जाई ॥ पूछत फिरत विपल स्रमपाई ॥ इहां कवन पुर स्यामल साहू ॥ तव भाख्यो लोगन अस ाहू १२ स्यामल नाम ग्राम इहिमाहीं ॥ अव लो सुन्यो वनक हमनाहीं ॥ तवनिरास चिंताकुलभारी ॥ बहिर नगर फिरि चल्यो सधारी १३ मोहिसन भक्तकपट करिभारा ॥ अ ो दीन स्रमवृथाअपारा ॥ असप्रकार जव चिंतन कीना ॥ तब इकयान मनोरमचीना १४ चपल चारु सित तुरग सुहाबन ॥ तहि पेंस्याम वरनमन भावन ॥ पीत वसन सुभृत्त मृदु अंगा ॥ हरण कोटि छविललित अनंगा १५ पूछन तासु वदन हंकारे ॥ ॥ तुव स्यामल

पनि कितहुं निहारे ॥ तासु वचन सुनि भगवन काहा ॥ मै
हुं पथिक स्यामल धनिराहा १६ तुव अभि लषत कवन मु
हिसंगा ॥ करहु कथन निजवदन उमंगा ॥ भक्त सुनत अस
वचन उचारा ॥ मै पूछ्यो लागनपुरसारा १७ दोहा सवन क
थन असकीन मुख ॥ इहां नस्यामल कोय ॥ तब चिंता कुछ
बहिर पुर ॥ चल्यो आस जीयखोय १ चौपाई नरसि भक्त
मोहि हराखि बसेखी । पत्रक दीन नाम तुव लेखी ॥ मोरे देहुं ध
नक हरषाई ॥ वेंगतपत सत मुद्र सुहाई १ ॥ तवस्यामल पत्रक
सुखदाई ॥ सादिर लेतहगन निजलाई ॥ अति प्रसन्न मुख वच
न उचारा ॥ पथक धन्यजगजनमतुमारा ॥ २ जोअसदीनआज
मुहिल्याई ॥ तुव इहपथकरुचिर सुखदाई ॥ मोरे प्रीयजीय
पत्रक ताहू ॥ अस नदीन मोहि अबलगकाहू ३ ॥
असकहि हरण भक्त उरत्रासा ॥ मुद्रादीन सपतसत तासा ॥ नि
ज करपत्र लेखि भगवाना ॥ देत तासु अस वदन वखाना ४
इहदीजो नरसो कहंजाई ॥ असप्रकार मुखवचन अलाई ॥ मु
हि कहंसदापत्र अस्प्यारी ॥ लिखते रैहुं भक्त व्रतधारी ५ भरन
जोंग मै पत्र तुमारे करतेरहहु सफल मुहि प्यारे ॥ पथक सुनत
असवचन सुहाए ॥ चल्यो हरषि धनपत्रकपाए ६ अंतरध्यान स्या
मल धनिभेयौ ॥ पथक प्रथम द्वारवति गेयौ ॥ करि अनेक जात्रा
मनभावा ॥ गवनकरत नरसीपेंआवा ७ दुरजनदेखि पथकअस

आवन ॥ लगेपरस्परहास अलावन ॥ अबदुरदसा होहिँ कसए
हीं ॥ देखहिं आयसकल अगगेहा ८ तबताहि पथकभक्त पदआ
ई ॥ करिप्रणाम अस विनय अलाई ॥ तुमहुंधन्यसंसृति ब्रतधा
री ॥ जाकरअस देवक अनुसारो ९ द्वारावती बसहिँ सुखदाता
॥ मंजुलस्याम वरणमृदुगाता ॥ अतिसरवांग ललित मानहरन ॥
वसन पीतलोचनजलजारन १० कुंडिल करणआभरनन साजा ॥
मानहुं कृष्णमदन मदलाजा ॥ सोसरूप अबबिसरत नाहीं ॥ पृ
वासि रह्यो मोर मनमाहीं ११ देखतलेख तुरतावितदीना ॥ जस
सतकारमोर तहिकीना ॥ वरनहुं एकवदन किमिसोई ॥ आवाज
नहुं कृतारथहोई १२ अस कहिदीनपत्र भगवाना ॥ सादिरलेत
नरसि हरषाना ॥ वारवारधरि सीसप्रणामा॥ लाग्योकरन भक्त
अभिरामा १३ अश्रूपातहरष दृगछाए ॥ कहिनसकत कछु प्रेम
अघाए दुरजनदेखि परमविसमाने ॥ चलेसकल निजहृदयल
जाने १४ नरसितासु संजुत अभिलाषा ॥ तीन दिवस अस्रम नि
ज राखा ॥ दोहा चतुरथ दिवस प्रसन्नमन ॥ सादिरकीन विदाय
॥ चल्योपथक तव सदन निज ॥ हरषिचरण सिरनाय १ चोपाई
गयोकछुक जबकाल विहाई ॥ करतसंत सज्जनासिबकाई ॥ अ
सतहिसुता सीलनिधजोई ॥ अवसरपायगरभ वतिहोई १ बीतेस
पत मासजवतासू ॥ भई दुखात्र देखितव सासू ॥ रहीसुनखागर
भवति जोई ॥ कुलरीत कछुनाहिनहोई २ पितुगृहतें कारजसब

एहू ॥ होहिं रीत असातिनकरगेहू ॥ भोजन वसनद्रव्य आभरना ॥ इहसबज्ञनकतास वयकरना ३ भाषत सास वदनअसताहू ॥ मोरे नहिन भाग्य उतसाहू ॥ पितु तुमार निरलज्ज महाना ॥ चारविचारतास नहिजाना ४ मांगत फिरतभीष सनसाधू ॥ निरतत निडरलेत करवाहू करतकूटानित बांधवसारे ॥ संसकारगत देखि तुमारे ५ सुनि असतास वदन कटुवानी ॥ पितुकहं लिख्यो पत्र दुखमानी ॥ इहांमोर बांधव जनजाती ॥ पावक वचन दहतनित छाती ६ जोतुवइत संजुत वितआई ॥ इनकरवंसरीति समुदाई ॥ करतजाहु निजभवन सधारी ॥ तोमें होहु मुचित दुखभारी ७ वाचिपत्रनिज दुखितकुमारी ॥ उठयोसि मानिखदजीयभारी॥ वृद्धवृषभरथ जीरणगेहा ॥ गवन्यो लेतभक्तवरतेहा ८ राधा कृष्ण विमल गुणगाता ॥ आवा भक्त सदन जामाता॥ साधु दरस जी रणरथतासा ॥ देखत लगेकरन सवहासा ९ दोहा सुताविलोकतकहत अस॥ पितुकसभेषकरा ल ॥ तुवधारतनिजलाजगतआव मोर सुसराल १ चौपाई पूरव जाति नाति जन वृंदा ॥ तुव पितु करत सकल मुख निंदा ॥ अव प्रतक्ष नयनन निज देखी ॥ करहि वदन परि हास वसेखी १ अब वित जोन जनक तुव पाहीं ॥ तो फिरि जाहु सदन निज माहीं ॥ सुता कथन सुनि भक्त सुजाना ॥ अति प्रसन्न मुख बचन वखाना २ पुत्रिन करहु सोच कछु एहू ॥ कृष्ण देव प्रभुदीन सनेहू ॥ पु

रवाहिं तोर मनोरथ आसू ॥ अब तुम जाइ निकट निजसासू ३ जो जो उचित वस्तु समुदाईं ॥ पूछि देहु मुहिं वेग जनाईं ॥ पितु मुख सुनत रुचिर असवानी ॥ जाय सास सन सकल वषानी ४ ते अस सुनत वदन मुसकानी ॥ मोरे नहिन परत कछु जानी ॥ अब सुमरण मुहि रहा नकाहू ॥ वारवार अस भक्त सुताहू ५ पितुपै जाय सास ढिग आई ॥ पूछत उचित बसतु समुदाई ॥ तव कटु वचन वदन निजसासू ॥ बोली क्रोध निरत असतासू ६ हमहिं उचित प्रसतर अबदोई ॥ पितु तें लेहु जाय किन सोई ॥ उकत सास निज पितु सनजाई ॥ तास वदन अस दीनि सुनाई ७ भक्त सुनत मान सहरषाई ॥ उठ्यो सुमरण करत जदु राई ॥ लिए वाद मंजुल निज पानी ॥ जरीण एक भवन हरि जानी ८ तहांजाय संजुत अनुरागा ॥ कृष्ण विमल गुण गायन लागा ॥ अस प्रकार जुग जाम विहाए ॥ तव भगवान भक्त सुख दाए ९ ललित रूप वैष्णव धरिलीने ॥ सकल वसतु संपादन कीने ॥ भए तुरंत अंत्र गत देवा ॥ भगवन भूत चराचर सेवा १० भक्त देखि प्रभु चरित सुहावा ॥ वार वार चरणन सिरनावा॥ सकल समाज लेत हरषाता ॥ आवा वेग सदन जामाता ११ ॥ उन कर बोलि नाति जन जाती॥ सव कहं जथाउचित जहि भाती । भोजन वसन आभरण चारू ॥ देत सवन संजुत

सतकारू १२ दोहा कंचन प्रसतर दक्षणा ॥ जुग जुग दीन प्र
वीनें ॥ विनय करत मुख विविध विधी ॥ हरषि विसरजनकी
न १ चौपाइं दुरजन सकल सास जुत देखी ॥ विसमय भए
लजित अवसेषी ॥ बिविध प्रसंसि लोक समुदाए ॥ निज नि
ज सदन हरष वसधाए १ ब्रह्मणि जठिर ग्राम इकताहू ॥ ता
सु सुमरण कीन नहि काहू दुहिता निकट आय अस वरनी ॥
मुहि बिसरयो कस मंगल करनी २ तव निज भूषण वसन उ
तारी ॥ तासु दीन हरि भक्त कुमारी ॥ पुत्रि दान अस देखि सु
हावा ॥ नरसी हृदय हरषिसुखपावा ३ पुनि प्रभु कहं सुमर
ण तसलागा ॥ करि करि नृत्यगीत गुणरागा ॥ तव करुणा जु
त भक्त सहय्या ॥ विविध वसन भूषण बित दय्या ॥ ४ ॥ सु
ता हेतु मन हरष प्रलीने ॥ तिन कर सदन स्थापन कीने ॥ हो
तविदाय भवन निज आवा ॥ कृष्ण सरोज चरण मनलावा ५॥
संसृांते विषय सुखादिक जोई ॥ तृण वत भक्त सृष्ट जीय खोई
॥ ह्वै विरक्त महि विचरण लागा । रटत कृष्ण गुण गाति अनु
रागा ६ तासु सुता कर सुतवडभागीं ॥ दुगध पान जव दीनसि
त्यागी ॥ सासहिं देत आपु हरषाती ॥ पितु पें आय भक्ति मद
माती ७ अति विरक्त वत मानस रागे ॥ जनक सुता हरिमूरति
आगे ॥ लोकलाज कुल लाज विहाई ॥ निरतत बिमल कृष्ण
गुण गाई ८ समय पाय वेस्या इक ताहां ॥ आईं

वसहिं भक्त वर जाहां । नृत्य गीत कल कला प्रवी
ना ॥ लोगन तासु कथन अस कीना ९ इहां नरसि
नामक गुण सागर ॥ सुभ संगीत मरमअति नागर ॥ वाद ना
द परिपूरण लीला ॥ ताकर भवन जाहु तुवसीला १० करहिं
अभिष्ठ तोरफुरसोई ॥ वेस्या सुनत हरष वसहोई ॥ आई वेग
भक्त वरधामा ॥ लागी नृत्य करन अभिरामा ११ मूरति देखि
दैव सुखदाई ॥ अरु संसरग भक्त वरपाई ॥ निरतत तास बि
मलमति होई ॥ निंदत करम सकल निजखोई १२ दोहा
वार वधू निजभाग्य वस ॥ जान भक्ति सरसाय ॥ तहां लागि
विचरण अभय ॥ कृष्ण विमल गुणगाय १ चोपाई नरसि भ
क्त कर मातुल जोई ॥ रहा मंत्रि मेदन पति सोई ॥ अवस
र एकभूप सनतासा ॥ मिथ्याजायकीन संभासा १ महाराज न
रसी जडएहू ॥ उपज्योकुल कलंक हमगेहू ॥ वार वधू कन्या जु
त वाहू ॥ करत नृत्य गायन उतसाहू २ अधम मूढ निर लज्ज
गवारा ॥ बांधवजाति नाति तृसकारा ॥ दीन नाथ तहि देह
निकारी ॥ तजहिं ग्राम निंदत जडभारी ३ सुनि नृप सचिव
कथन इहि भाती ॥ पठे चतुर निजचारिपदाती ॥ तेआए दारु
ण रिसछाए ॥ कहत चलहु बोलत नरराए ४ तब वेस्या क
न्या जुतआवा ॥ करत भक्त नृत गीत सुहावा ॥ दरसन देखि
कहिस नरराजू ॥ जान्यो इह विरक्त कुललाजू ५ मूढ करम

कस धारन कीना ॥ निज कुलजाति धरम नहिं चीना ॥ सुनत भक्त अस सुफुटउचारा ॥ जाति धरम कुल चार बिचारा ६ करम अकरम लाभअरुहाना ॥ राग द्वेष जग मान अमाना ॥ सुख दुख जस अप जस तुम काहीं ॥ हमरे हृदय भूप कछु नाहीं ७ इनतें हम विरकत संसारा ॥ नहिन जाति कुल धरम हमारा ॥ मोरे इनहुं दीन जवत्यागी ॥ मैंहुं भयो इनतें वेरागी ८ तो संबंध कवन अब पाछे ॥ देखहु करि विचार नृप आच्छे ॥इम दुरजन कर कपट कहानी । अहो धरन पति मानसमानी ९ मोरे लग्यो निवारण ग्रामा ॥ तुवशासत्रज्ञ निपुणगुणधामा ॥ जाहि संगत संसरगनकाहू ॥ त्याग रूप जानतस बताहू १० दोहा पौराणकतन देखि तव ॥ कहिस भूप कसएहू पंडत भाषिस भक्तसब ॥ कथ्यन विगत संदेहू१ चौपाई इह अदोष हरिभक्त सुजाना ॥ विगत विकारमान अपमाना ॥ भूप सुनत मानस हरषावा ॥ नरसी चरण नम्र सिरनावा १ अबतें अभय भक्त व्रतधारी ॥ विचरहुसकच सोच सवहारी ॥ अस प्रकार जब भूपअलावा ॥ भक्तप्रधान सदन निज आवा २ इह संसार असार विचारी ॥ जानि सारजग भक्ति मुरारी सावधान मानस अनुरागा ॥ भयोसि निरत भक्ति बडभागा ३ एक दिवस तहि सदन सुहाए ॥ संत सहस्र भ्रमत चलि आए क्षुधेत तृषत विथत जियभारी ॥ नरसि भक्त अस तिनहिं निहा

री ४ छूच्छो सदन अन्न बिनु आजू ॥ अहो दैव कसबन्यो अ काजू ॥ इन कहं देंहु अन्न अब काहा ॥ अस प्रकार चिंता कुलराहा ५ करि विचार तवनगिर सिधारा ॥ ठाड्यो जाय वनक इक द्वारा आरत दीन वदन तहिवानी । भक्त सृष्ट अस विलखिवखानी ६ राग किदार परम प्रीय मोरे । सो मैंधरहुं सदन सुभ तोरे ॥ सहस मुद्र मुहि देहु सुडाई ॥ आए संत सदन समुदाई ७ तिनहिं देन भोजन मुहि जोगू ॥ न तर करहिं अपजस सब लोगू ॥ जोलोंमैन देहुं धन तोरा ॥ तो लो रह्यो बनक प्रण मोरा ८ दोहा मैन करहुं गाइन वदन ॥ इह किदार कल राग ॥ भक्त बचन सुनि बनक वर ॥ उठ्यो जनहुं जीय जाग १ दीनसि मुद्र सहस्रकल ॥ लीनासि पत्र लिखाय ॥ हरष्यो भक्त प्रवीन जीय ॥ निज अभिष्ट फल पाय २ चौपाई तब ताहि वनक युगल वरनारी ॥ रही एक लौकिक व्यवहारी ॥ दूसर भक्ति निरत भगवाना ॥ तास वदन अस बचन वखाना १ जो मोहि कृष्ण दरस सुखदाई ॥ भक्तसृष्ट तुव देहु कराई ॥ तोइह सहस सुद्र जोइदीना ॥ मैं न लेहुं पुनभक्त प्रवीना २ नरसी सुनत तास असवानी ॥ सत्य वचन निज वदन वषानी ॥ आवा सदन हरष उरछावा ॥ विरंचिपाकनइवेद लगावा ३ बहुरिसंत सज्जन समुदाई ॥ प्रीति भक्ति जुत दीन जिवाई ॥ तबतेतज्यो भक्त वड भागा ॥

गायन तहि किदार कलरागा ४ रह्यो नियम असतास सुहावा जब जब रुचिर राग इह गावा ॥ तब तब कृपा सिंधु भगवाना ॥ जानि तासु निज भक्त प्रधाना ५ सुमन माल निज सुजस प्रदारी ॥ ताकर देत ग्रीव प्रभु डारी ॥ पै तहिदृष्टि अगोचरहोई ॥ करहि देव अस कौतक सोई ६ श्रवन करहिं निज वदन सुहायन ॥ भक्त कदार रागकलगायन ॥ होत प्रसन्नन त्रिभुवन राई ॥ परतन माल ग्रीव तहि आई७ दुरजन पाय मरमअसतासा ॥ जाय भूप सन द्वेष प्रकासा ॥ नरसीग्रीव प्रसूनन माला ॥ परत जवननृप दीन दयाला ८ काचेसूत्र रचित जड भारी ॥ देत ग्रीवहारे मूरति डारी ॥ ते अस भार प्रसूनन पाई टूटत परहि ग्रीव तहिआई ९ आज कपट सठ विदत प्रकासा ॥ प्रीक्षा लेहु भूप अवतासा ॥ जोपूरव सम टूटत आई ॥ परहिं माल तहि ग्रीव सुहाई १० ताकर भक्ति सत्य तबजानो ॥ नतर अनरथ कपट प्रभु मानो ॥ तबनरेस तहि लीन बुलावा ॥ अस प्रकार मुख दीन सुनावा ११ मोर देव मूरति करआगे करहुनृत्यगायन अनुरागे जो स्रज परहिं ग्रीवतुव आई ॥ तो तुम भक्त सृष्टजदुराई १२ दोहा नतर नगर सब लोक इह विदत दंभ तुवमानि मोहि सनभाषत वदन निज आन आन कछुवानि १ चौपाई नरसी सुनत भूप अस वानी ॥ वीना ललित लेत निज पानी ॥ बैठ्यो कृष्ण भव

न कल जाई ॥ भक्त सृष्ट आसन दृढ लाई १ दुरजन प्रथम पुषप चुनिल्याए ॥ पाट सूत्र दृढ माल बनाए ॥ डारि गए ह रि मूरति ग्रीवा ॥ जड मतिमंद अधम अगसीवा २ तब नर सी सुमरत भगवाना ॥ वीन ननादि मधुरमुख गाना ॥ लाग्यो करन मनोरमनाना ॥ जुगल दंड जब तासु सराना ३ परीन माल टूटि तहिग्रीवा ॥ हरषे देखि सकल अगसीवा ॥ तब न रसी निज हृदय लजाना ॥ सुमरणलग्यो कृष्ण भगवाना ४ सदा रहे प्रभु पैजरखय्या ॥ अब कसहानि देवमुहि दय्या ॥ पूरवकरनि मोर सब काजू ॥ भई कृपाल विडंभन आजू ५ भ लो सकल दुरजन मुख नाना ॥ करिहैं आज मोर अपमाना ॥ जब नरसी अपमान उचारा ॥ सहिन सकेतव भक्त उवारा ६ इह तो सदा रीत गिरधारी ॥ जन लघुता इन सकहिं सहारी ॥ नरसी भेष तुरत धरि लीना ॥ धनि कर भवन गवन प्रभुकीना ७ रही सदन ताकरत्रीयसोई ॥ हरि सरूप अभि लाषत जोई ॥ नरसि रूप भगवान सुहाए तासु वदन अस वचन अलाए ८ सुभ्रे इह मुद्रा निजलेहो ॥ सोअब मोर पत्र कलदेहो ॥ तासलेत मुद्रा हरषाई ॥ दीना प त्र करण जदुराई ९ दोहा तेसरूप प्रभु देखि दृग ॥ संभ्रम क हत उचारि ॥ इह कउ आनन जान मुहि ॥ परत नरसि बपु धारि१ चौपाई जब पति तास सदन निजआवा ॥सकल मरम

तहि दीनसुनावा ॥ वनक सुनत मानस विसमाना इतजनहर न त्रास भगवाना १ सनमुख भक्त पक्षधारिदीना ॥ नरसि बिचार देखि असकीना ॥ पूर्वहोत जिमिदेव सहाया ॥ अबहुं कीनभगवन तिमिदाया २ करतमनहिंमन दंड प्रणामा॥लग्यो करनगायन अभिरामा ॥ ते किदार कलराग सुहावा भक्त मधुर स्वर वदन अलावा ३ जनहुं शांतिरस पूरण भेयौ ॥ इकटक लोक मौन वत रहयौ ॥ संजुत नृपति सकल विसमाने ॥ मुरछित सुधि सरीर विसराने ४ मानहुं विदत मोहन मन लूटयो तत्र हरि सुमन माल कलटूटयो ॥ भक्त सृष्ट करकंठ सुहाई ॥ देखत सबन तुरतपरिआई ५ साधु साधु तव भूपउचारा ॥ कीनविविध दुरजन तृसकारा ॥ जुगकर जोरि चरण सिरनाई ॥ विनय नंम्र अस वदन अलाई ६ मोहिते भयोविपल अपराधू सदाकृपाय रूप तुव साधू॥ मैंअजान कछु सक्यो न जाना ॥ अनुचित क्षामहु भक्तभगवाना ७ अरु इहकरहु कथन मुहिकीहीं ॥ टूटत माल कंठतुवमाहीं ॥ कहि विध परीभक्त व्रतधारी ॥ तबनरसी सबकथा उचारी ८ भूपसुनत मानस विसमाना ॥ लग्यो देन संपतिसनमाना ॥ लीन्यो सोन भक्त बड भागा ॥ चल्यो भवन मानस अनुरागा ९ दोहा निरतत नृत्यअनेक कल ॥ गीततान सु वगाय॥ लग्यो बसन निज सदन सुभ ॥ हृदय सुमरि जदुराय १ चौपाई

समय पाय इक धनक सुजाना ॥ काहुनगर कररह्योमहाना॥ ताहि कन्या वर देखन हेतू ॥ अपरोहित निज बोलिनके तू १ तासु विविध विधि वदन सिखावा ॥ वरसंपति जुतहो हि सुहावा ॥ अरुकुलीन विद्याचतुराई ॥ सकलसुसील मा तुपितुभाई २ अस प्रकार वरदेखिसुहावन ॥ तुवानिजकरहु सप दिइत आवन ॥ धनिनदेसअपरोहित पाई आवानगर भक्त जदुराई३लोगन सनअसपूछन लागा ॥ कोइतनगरधनकवड भागा ॥ तवदुरजनसंजुत सनमाना ॥ दीन्चो नरसि नके त पठाना ४ तेधनडच सुंदरसुतवारा ॥ आवा विप्रसुनत तहिद्वा रा ॥ तासु विलोकि भक्त हरषाना ॥ यथा योग्य कीन्यो सनमा ना ५ करिसभभोजनादि सिवकाई॥ कहिस भक्त असवदन अ लाई इहां अगमन कवन हित कीना ॥ तव बोल्यो अस वि प्र प्रवीना ६ कन्या रुचिर अमुक धनिगेहा ॥ तहिहित बस्यो वाल तुब एहा ॥ तवनरसी करजोरि वखाना ॥इहन उचित मोरे सनमाना ७ मै दारद रतदीन इकागर ॥ तेधनडच सव लोग उजागर॥ इह न उचित संवंध सुजाना ॥ देखहु जाय धनक जगआना ८ लागन मेरचरण लघुराई ॥ तीनै काल अस वनाहिं न भाई ॥ विप्रसुनत हठजुतवारि जोरा ॥ दीन्योरुचि रमाथ सिसुखोरा ९ सकुन नारिकेलादि सुहावन ॥ दैवित व सन आभरणनभावन ॥ होतविदायनगर निज आवा ॥ ते

बृतांतसबधनाहिं सुनावा १०नरसी सुवन योग्यवर राहा ॥ ता
कर दीन तिलक उतसाहा ॥ असप्रकार जबविप्र उचारा ॥
धनी सुनत कीन्यो तृसकारा ११ दोहा अरे मूढ दिज कीनतुव
इह अयोग्यकस आज ॥ तैंभिक्षक सकलंक जग ॥मै प्रसिद्ध
धनिराज १चौपाई निह कलंक कहं कर्यो कलंकू आज मूढजि
मि बिदत मयंकू यद्यपि वार वार समुझान्यो तद्यपि अधम सक
लविसरान्यो १अबतें तजहु मूढ जड तोही जो सकलंककीन
जगमोहीं। सुनि असकठिन धनक दिज वानी ॥ बोल्यो हृद
य रोष निज ठानी २ इह अंगुष्ट तिलक जहि संगा ॥ मै दी
न्यो वरमाथ उमंगा ॥ सो तुव छोदि लेहु अवमेरी ॥ लावहु जा
यसकुन मै फेरी ३ धनी सुनत अस मोनरहाना ॥ बांधव जाति
जनन समुझाना ॥ जानिभाग्य निज सुता सुधावा ॥ देखि स
दिन वरलगन सुहावा ४ अपरोहित पें दीन पठाई ॥ लगन
पत्र सादिर हरषाई ॥ नरसि देखि चिंतन जीयकीना ॥ लगन
पत्र कर लेत प्रवीना ५ धर्यो जाय हरि मूरति आगे ॥ विनय
वदन मानस अनुरागे ॥ लाग्यो करण धरण धरसीसा ॥ दैव अ
दैव दैवं जग दीसा ६ मै बल हीन दीन सब भाती ॥ समधी
पठयो लगन वर पाती ॥ मुहि सामरथ दैव कछु नाहीं ॥ तुम
हिं करहु सब त्रिभुवन साईं ७ समधी नाति सकल अब तोरे
॥ इन कर जीय अभाव प्रभु मोरे ॥ अस कहि लग्यो निना

दन वीना ॥ कीन ललित गायन मन लीना ८ दोहा तब द्वारा वति तें चले ॥ जदुपति भक्त उदारु ॥ आनि समाज जुत विबिध विधि ॥ लिए सकल संभारु १ चौपाई पूछित लोग देखि मग सोभा ॥ इह कित कवन जात मन लोभा ॥ तब्र भृत कहत वदन अस वरनी ॥ सेवक नरसि अमुक पति घरनी १ रच्यो भवन निज पुत्र विवाहू ॥ आए कीए निमंत्रन ताहू ॥ तब भगवान सदन तहिजाई ॥ जाति नाति सब लीन बुलाई २ तीन दिबस पूरब भगवाना ॥ निज कौतक करुणाय निधाना ॥ व्यंजन बिविध भांति विरचाए ॥ यथा योग्य सब्र दीनजिवाए ३ देव राज दुरलभ संभारू ॥ लाय संग निज बिबिध प्रकारू ॥ भूषण चारु चैल वितनाना ॥ सब कहं यथा उचित सनमाना ४ सज्जन नाति जाति जन जेते ॥ कीने कृष्ण कृतारथ तेते ॥ तत पसचात बरात सजाई ॥ सो अनंत छवि वरनिनजाई ५ तब निज भक्त प्रीये सनकाहा ॥ तुम कहं उचित गवन अवराहा ॥ तव नरसी कर जोरि उचारा ॥ दीन नाथ इहपुत्रतुमारा ६ संबंधी नाती सवतोरे ॥ तुमहि उचितअवभगवनमोरे ॥ सुनि अस कथन भक्त हित कारी ॥ लीनसि नरसि रूप प्रभु धारी ७ दफ पन्नव बाजत सैनाई ॥ भेरन फीर घोरधुन छाई ॥ वाहन विविध वाजि गजमात्यो ॥ वरन वरन वानि चली वरात्यो ८ चंचल चपल तुरंत न रूढे ॥ वीरधीर

